# लखनऊ के नादरगंज में बनेगा नया आईटी हब

लखनऊ, विशेष संवाददाता। योगी सरकार राजधानी लखनऊ के नादरगंज में नया आईटी हब बनाने जा रही है। इसमें आईटी पार्क, बिजनेस पार्क और इंटरनेशनल इंक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर बनेंगे। अमौसी स्थित नादरगंज इंडस्ट्रियल एरिया में 40 एकड़ जमीन पर बनने वाले इस हब के लिए ब्लू प्रिंट भी तैयार हो गया है।

**11.47 एकड़ भूमि पर बनेगा आईटी पार्क:** 11.47 एकड़ पर आईटी पार्क का निर्माण किया जाना है। वहीं 7.4 एकड़ में बिजनेस पार्क को विकसित किया जाएगा। इंटरनेशनल इंक्यूबेशन फैसिलिटी सेंटर को 6.9 एकड़ में बनाया जाएगा। इसके साथ ही 8.7 एकड़ भूमि ग्रीन एरिया के रूप में विकसित किया जाएगा। 5.8 एकड़ में सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। सरकार ने कंसल्टेंट के चयन की तलाश शुरू कर दी है। स्टेट ऑफ द आर्ट आईटी हब के विकास की योजना है। आईटी हब में बड़ी आईटी, फाइनेंशियल और टेक कंपनियों को बतौर स्ट्रैटजिक पार्टनर के रूप में जोड़ा जाएगा जबकि आईटी से जुड़ी कंपनियों को आईटी हब के प्रति आकर्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



- 40 एकड़ जमीन पर बनेगा आईटी हब
- निर्माण निगम ने तैयार किया ब्लू प्रिंट
- आईटी पार्क, बिजनेस पार्क भी बनेंगे

## पांच एकड़ में स्थापित की जाएंगी आईटी हब की 6 महत्वपूर्ण शाखाएं

आईटी हब में विमेन इंटरप्रेन्योर्स हब, स्किल एंड नॉलेज एकेडमी, प्रोटोटाइपिंग सेंटर, रिसर्च एंड इनोवेशन सर्किल, इमर्जिंग टेक विंग और यू हब इनोवेशन हब को निर्माण किया जाएगा। इन सारे विंग्स को पांच एकड़ भूमि पर विकसित किए जाने की योजना है।